राजभाषा कार्यान्वयन समिति
भारती महाविद्यालय
(दिल्ली विश्वविद्यालय)

द्वारा आयोजित

एकदिवसीय कार्यशाला

तकनीक में हिंदी का प्रयोग - समस्या और समाधान

मुख्य वक्ता

श्री कुमार पाल शर्मा

उप निदेशक (कार्यान्वयन)

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग

विशिष्ट अतिथि

श्री विक्रम सिंह

अवर सचिव

संसदीय राजभाषा समिति

23 जनवरी 2024

संगोष्ठी कक्ष

प्रात: 10 बजे

आप सभी सादर आमन्त्रित हैं।

प्राचार्या
प्रो सलोनी गुप्ता

संयोजिका
प्रो मंजु शर्मा

राजभाषा कार्यान्वयन समिति
भारती महाविद्यालय
दिल्ली विश्वविद्यालय

हिंदी कार्यशाला

२३/०१/२०२४

हिंदी के प्रचार प्रसार एवं सुगम व्यवस्था हेतु प्रतिबद्ध भारती महाविद्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा दिनांक 23/01/2024 "तकनीक में हिंदी का प्रयोग : समस्या और समाधान" विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य तकनीक में हिंदी भाषा के प्रयोग संबंधी चुनौतियों के निराकरण का था। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में श्री कुमार पाल शर्मा उप-निदेशक, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय), विशिष्ट अतिथि श्री विक्रम सिंह, अपर सचिव, संसदीय राजभाषा समिति उपस्थित रहे। कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य महाविद्यालय में प्रशासनिक स्तर पर हिंदी भाषा के प्रयोग को बड़ावा देना था। कार्यशाला में भारती महाविद्यालय के सभी प्रशासनिक अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने भाग लिया। इसके अलावा महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थी भी कार्यशाला में उपस्थित रहें।

श्री कुमार पाल शर्मा ने अपने वक्तव्य में विस्तार से विषय पर बात की। उन्होंने दैनिक जीवन में तकनीक की बढ़ती भूमिका पर बात करते हुए कहा कि 21वीं सदी तकनीक की सदी है। उन्होंने तकनीक में हिंदी भाषा की सुलभता के संदर्भ में कहा कि हिंदी भाषा की वर्तनी और ध्वनि व्यवस्था न केवल वैज्ञानिक है बल्कि तकनीक के अनुकूल भी है। उन्होंने गृहमंत्रालय की राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी के प्रयोग को सुगम बनाने के लिए किए जा रहे प्रयास से भी श्रोताओं को अवगत कराया। इसी कड़ी में श्री विक्रम सिंह ने भी श्रोताओं को नए-नए तकनीक, सॉफ्टवेयर आदि की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शैक्षणिक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्राएं शामिल हुई।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत प्राचार्या सलोनी गुप्ता जी ने किया। उन्होंने आयोजकों एवं विद्वान वक्ताओं को महाविद्यालय में ऐसे ज्ञानवर्धक कार्यशाला के लिए धन्यवाद भी किया और निरंतर सहयोग एवं मार्गदर्शन की बात कही । धन्यवाद ज्ञापन राजभाषा कार्यान्वयन समिति की संयोजिका प्रो० मंजु शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल और सुगम संचालन हिंदी विभाग की डॉ. वसुंधरा शर्मा ने किया।